आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.10.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

## प्रधानमंत्री रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं और अंतरिक्ष से लेकर विद्युत वाहन में नई प्रौद्योगिकी सहित प्रत्येक क्षेत्र में मेक–इन–इंडिया को बढ़ावा दिया है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव–नियुक्त युवाओं को वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत देश की पांच सौ शीर्ष कंपनियों में युवाओं के लिए पेड इंटर्नशिप की पहल की है।

## शिमला–रोजगार मेला

इधर शिमला में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर 3 सौ 59 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इन युवाओं को डाक, सीमा सुरक्षा बल, बैंक, विज्ञान व टैक्नोलॉजी और एस.जे.वी.एन.एल. सहित अन्य संस्थानों में नियुक्ति दी गई है। रामनाथ ठाकुर ने सभी युवाओं से नए संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा में जुटने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि ये नियुक्ति पत्र केन्द्र सरकार की युवाओं को रोजगार से जोड़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सांसद सिकंदर कुमार इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद रहे। नियुक्ति पाने वाले युवाओं ने केन्द्र सरकार का आभार जताया और कहा कि एक ओर जहां दुनिया के कई देश आर्थिक मंदी की मार झेल रहे हैं वहीं भारत सरकार युवाओं को रोज़गार देकर सराहनीय कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान विकसित किए जाएंगे, जिनमें मशीनरी व उपकरणों की व्यवस्था के लिए एक–एक करोड़ रूपये उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने आज धर्मशाला में टोंगलेंग की मोबाईल क्लीनिक बस सेवा को हरी झण्डी दिखाई। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में कैजुअल्टी विभाग को स्तरोन्नत कर आपातकालीन मैडिसन विभाग बनाए जा रहे हैं और कैंसर मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इन्हें आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्य कैंसर संस्थान के रूप में स्थापित किया जा रहा है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में कैंसर रोगियों के उपचार के लिए 42 प्रकार की दवाईयां निशुल्क प्रदान की जा रही है। उन्होंने लोगों की शिकायतें भी सुनी और कहा कि मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को लोगों की समस्याएं सुनने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का प्रवास करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज बिलासपुर में राज्य की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इसमें विभिन्न प्रकार की लगभग अढ़ाई हज़ार पुस्तकें रखी गई हैं, जिनमें ऑफ लाइन माध्यम से पहली से 12वीं कक्षा तक की एनसीईआरटी और सीबीएसई की पुस्तकें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा कॉलेज के पाठ्यक्रमों, प्रतियोगी परीक्षाओं और विभिन्न शैक्षिक किताबें भी डिजिटल लाइब्रेरी में पाठकों के लिए उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी में टच स्क्रीन डिवाइस, सर्वर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाठकों को निशुल्क पठन सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 67 लाख रूपये से बने सतर्कता व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बिलासपुर के नए भवन का उद्घाटन भी किया।

## धनतेरस/आयुर्वेद दिवस

आज धनवन्तरि जयंती है। इसे धनतेरस के रूप में भी मनाया जाता है। धन की देवी लक्ष्मी की पूजा और पांच दिन तक चलने वाला दीपोत्स्व आज से ही आरंभ हो जाता है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार धनतेरस पर सोना, चांदी, पीतल और तांबे के बर्तन खरीदने की प्रथा है। धनवन्तरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है। शिमला सहित प्रदेश के बाजारों में धरतेरस पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और उन्होंने सोने–चांदी की वस्तुओं के अलावा बर्तनों की जमकर खरीददारी की। लोगों ने कहा कि धनतेरस पर आभूषणों की खरीद करना शुभ माना जाता है और ये पर्व प्राचीन परम्पराओं को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## केवाईसी

राज्य सरकार ने आधार नम्बर को राशन कार्ड से जोड़ने, ई–के.वाई.सी और मोबाइल नम्बर अपडेट करने की तिथि 31 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेशक रामकुमार गौतम ने बताया कि राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं को राशन कार्डों में उनकी आधार संख्या पंजीकृत की जा रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान या लोक मित्र केन्द्र पर जाकर ई–के.वाई.सी से करवाने की अपील की है।